नव भारत

# जैविक और प्राकृतिक खेती अपनायें

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों से की अपील
- प्राकृतिक खेती में बड़ा स्कोप, बड़े मुनाफे का काम

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्राकृतिक खेती में बड़ा स्कोप है. यह बड़े मुनाफे का काम है. किसानों को चाहिए कि वे परम्परागत खेती के स्थान पर जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनायें.**



मुख्यमंत्री ने इस साल अल्प वर्षा की आशंका को देखते हुए प्रदेश के किसानों से अपील की है कि वे अपने कृषि कार्यों की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक योजना बनाएं तथा कम अवधि और कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों को विशेष प्राथमिकता दें. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा एवं कृषि उत्पादन को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर रही है. कृषि, उद्यानिकी एवं संबंधित विभागों के माध्यम से जिलेवार सतत समीक्षा और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में जल संरक्षण और जल के विवेकपूर्ण उपयोग का विशेष महत्व है. किसान भाई-बहन खेतों में उपलब्ध नमी का संरक्षण करें, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दें और सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों का अधिकाधिक उपयोग करें. कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग द्वारा जारी तकनीकी सलाह का पालन करते हुए परिस्थितियों के अनुरूप फसल चयन करें.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से विशेष रूप से श्रीअन्न जैसे कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा सहित अन्य कम पानी में सफलतापूर्वक पैदा होने वाली फसलों का रकबा बढ़ाने का आग्रह किया.

### किसानों को आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है. किसानों को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन, कृषि आदान उपलब्ध कराने तथा परिस्थितियों के अनुरूप हर संभव सहयोग सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं. सरकार का प्रयास है कि किसी भी किसान को कठिनाई का सामना न करना पड़े. कृषि उत्पादन प्रभावित न हो और किसानों के हित भी हर तरह से सुरक्षित रहें. मुख्यमंत्री ने कहा है कि कृषि और अन्नदाता प्रदेश के साथ देश के अर्थव्यवस्था की रीढ़ है. किसानों की आय बढ़ाने और आधुनिक जरूरतों के अनुसार उन्हें सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य है. इसी आशय से प्रदेश में वर्ष 2026 कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है.

## एक नजर में

### कटनी बनेगा प्रदेश का प्रमुख लॉजिस्टिक हब : शुक्ल

**भोपाल.** कटनी के सर्वांगीण विकास को लेकर आयोजित एक सार्थक संवाद कार्यक्रम में प्रदेश के शीर्ष नेताओं ने जिले के भविष्य को लेकर बड़ी घोषणाएं और योजनाएं साझा कीं. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि कटनी में औद्योगिक विकास, पर्यटन और हरित क्रांति की अपार संभावनाएं हैं. उन्होंने इसे प्रदेश का महत्वपूर्ण लॉजिस्टिक हब बताते हुए 'मिनरल सिटी' और 'मार्वल सिटी' की संज्ञा दी. उन्होंने कहा कि समन्वित विकास से कटनी में रोजगार और समृद्धि के नए अवसर पैदा होंगे. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने प्रदेश में सिंचाई क्षमता बढ़ने और बड़ी परियोजनाओं के माध्यम से कृषि विकास को रेखांकित किया. प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शिक्षा क्षेत्र में बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में 10 हजार स्मार्ट क्लासेस शुरू की जाएंगी, जिससे करीब 4 लाख विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा. उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत छात्रों को कौशल, व्यावसायिक शिक्षा और विदेशी भाषाओं की सुविधा दी जाएगी. साथ ही कटनी को प्रमुख शहरों से जोड़ा जाएगा.

### खदान में डूबने से दो मासूम दोस्तों की दर्दनाक मौत

**सीहोर.** जिले के आष्टा क्षेत्र में ग्राम बापचा दोनिया के दो मासूमों की बारिश के पानी से भरी बंद पड़ी मुरम खदान में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई. पुलिस के अनुसार समर (10) पिता संतोष पाल मालवीय और समर (10) पिता जितेंद्र मालवीय शनिवार दोपहर घर से खेलने के लिए निकले थे. लगातार बारिश के बाद गांव के पास स्थित पुरानी मुरम खदान पानी से पूरी तरह भर गई थी. गर्मी और उमस से राहत पाने के लिए दोनों बच्चे खदान में नहाने पहुंच गए. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शुरुआत में दोनों बच्चे किनारे पर उथले पानी में खेल रहे थे, लेकिन धीरे-धीरे वे गहरे हिस्से में चले गए. खदान में खुदाई के कारण कई जगह अचानक गहराई थी, जिसका बच्चों को अंदाजा नहीं लग पाया. देखते ही देखते दोनों संतुलन खो बैठे और गहरे पानी में डूबने लगे. बचने की कोशिश में दोनों ने एक-दूसरे को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन पानी की गहराई और कीचड़ के कारण बाहर नहीं निकल सके. घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद दोनों बच्चों को बाहर निकाला.

# बस की टक्कर से बच्चे का सिर धड़ से अलग

- पिता की भी मौत, मां गंभीर रूप से घायल

**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज 4 जुलाई. रायसेन जिले के बेगमगंज में बस की टक्कर से बाइक सवार एक बच्चे का सिर धड़ से अलग हो गया और उसके शरीर के चिथड़े उड़ गए. हादसे में पिता की भी मौत हो गई. मां गंभीर रूप से घायल हो गई. जबकि एक बालक बाल-बाल बच गया. यह परिवार बाइक से गैरतगंज के ग्राम आलमपुर से विदिशा जिला अंतर्गत ग्यारसपुर के ग्राम हिम्मपुर जा रहा था.**

शनिवार सुबह करीब 10 बजे ग्राम बर्रीकला के पास सागर से भोपाल जा रही शक्ति ट्रांसपोर्ट की बस क्रमांक एमपी 39 एमबी 6050 के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चालक पूरन सिंह सहरिया (आदिवासी) की मौत हो गई, उसके पांच वर्षीय बेटा आदित्य का सिर धड़ से अलग हो गया और उसकी पत्नी संध्या बाई (25) गंभीर रूप से घायल हो गई.




मृतक पूरन का एक साल का बेटा लक्ष्य बाल-बाल बच गया. संध्या बाई को रायसेन रेफर किया गया है. थाना प्रभारी राजीव उइके ने बताया कि विदिशा जिले के ग्यारसपुर थानांतर्गत ग्राम हिम्मतपुर निवासी पूरन सिंह सहरिया आदिवासी गैरतगंज तहसील के ग्राम आलमपुर अपनी ससुराल पत्नी एवं बच्चों को लेने आया था.

### मैहर में बैल को बचाने में तीन की मौत, एक गंभीर

मैहर. जिले के खरमसेडा गांव में शुक्रवार रात कुएं में गिरे बैल को निकालने के लिए कुएं में उतरे चार युवकों में से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. पुलिस के अनुसार कल रात अमरपाटन थाना क्षेत्र के ग्राम खरमसेड़ा में गहरे कुएं में गिरे बैल को रस्सी के सहारे बाहर निकालने की कोशिश में चार ग्रामीण एक-एक कर जहरीली गैस की चपेट में आ गए. दम घुटने के कारण तीन युवकों की तड़प-तड़प कर मौत हो गई, जबकि एक ग्रामीण अस्पताल के आईसीयू में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है. मृतकों की पहचान राहुल यादव. वीरेन्द्र यादव. और कृष्ण यादव के रूप में हुई है. जबकि रामचंद्र यादव की स्थिति गंभीर बनी हुई है.

# जीतू पटवारी को 5 करोड़ का मानहानि नोटिस भेजा

**भोपाल, 4 जून. वीर भारत न्यास के सचिव श्रीराम तिवारी ने मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को 5 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेजा है. नोटिस में तीन दिन के भीतर आरोपों पर स्पष्टीकरण देने या सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की गई है.**



वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश मेहता के माध्यम से भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि पटवारी ने बिना ठोस तथ्यों के ऐसे आरोप लगाए, जिससे न्यास और उसके पदाधिकारियों की सामाजिक एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है. निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलने पर सक्षम न्यायालय में मानहानि का दावा और अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी. दरअसल, जीतू पटवारी ने आरोप लगाया था कि राज्य सरकार ने करीब 500 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी जमीन मात्र एक रुपये में श्रीराम तिवारी से जुड़े ट्रस्ट को आवंटित कर दी.

# रिटायर्ड सहा. राजस्व निरीक्षक के ठिकानों से करोड़ों की संपत्ति हुई उजागर

**नरसिंहपुर, 04 जुलाई.** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) द्वारा मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में नगरीय प्रशासन विभाग के सेवानिवृत्त सहायक राजस्व निरीक्षक योगेंद्र कुमार ढिमोले के गाडरवारा और सिवनी जिले के लखनादोन ठिकानों पर छापेमारी में करोड़ों रुपये की बेनामी और आय से अधिक संपत्ति उजागर हुई है. ईओडब्ल्यू के पुलिस उपाधीक्षक मंजीतसिंह ने बताया कि आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत पर जांच की गई थी शुक्रवार सुबह दोनों ठिकानों पर छापा मार कर जांच की गई. उसके पास दो करोड 36 लाख रुपए की अनुपातहीन संपत्ति का खुलासा हुआ है,

# डिफेंस फैक्ट्री का आज सीएम एवं सिंधिया करेंगे भूमिपूजन

- अडानी समूह के करण अडानी और जीत अडानी रहेंगे मौजूद





**नवभाररत न्यूज**

**शिवपुरी 4 जुलाई।** शिवपुरी के लिए आज, 5 जुलाई, ऐतिहासिक दिन साबित होने जा रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जिले को लगभग 2500 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री की सौगात देंगे। कोलारस विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पाली में स्थापित होने वाली इस फैक्ट्री का भूमिपूजन एवं आधारशिला पोलो ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रखा जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव विशेष विमान से भोपाल से शिवपुरी पहुंचेंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर से सड़क मार्ग द्वारा आएंगे। अडानी समूह के मैनेजिंग डायरेक्टर करण अडानी भी विशेष विमान से शिवपुरी पहुंचेंगे। इसके बाद सभी अतिथि झांसी तिराहा, थीम रोड, गुरुद्वारा चौक और राजेश्वरी रोड होते हुए पोलो ग्राउंड पहुंचेंगे। कार्यक्रम में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री की आधारशिला रखी जाएगी। साथ ही प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद अतिथिगण विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव, विधायक देवेंद्र जैन, कोलारस विधायक महेंद्र यादव, पिछोर विधायक पीतम सिंह लोधी, करैरा विधायक रमेश खटीक, पूर्व विधायक नरेंद्र बिरथरे, पूर्व कार्यसमिति सदस्य हरवीर सिंह रघुवंशी, जिला महामंत्री योगेंद्र रघुवंशी, लवलेश जैन, के.पी. परमार, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश जैन, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, हरिओम राठौर, विजय शर्मा, केशव सिंह तोमर, जिला उपाध्यक्ष हेमंत ओझा, नवाब सिंह कुशवाहा, गोपाल पाल, जिला मंत्री नीरज तोमर, सोनू राजावत, निर्दोष गोयल, वेदांश सविता, अनिल श्रीधर, कपिल भार्गव, मंडल अध्यक्ष गिर्राज शर्मा, विपुल जैमिनी, कृष्णा कुशवाहा, पूर्व नपा अध्यक्ष मुन्नालाल कुशवाहा, सोनू कुशवाहा, महिला मोर्चा अध्यक्ष शैलजा लवगीकर, प्रशांत राठौर, अनिल राठौर, उमेश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र टेड़िया, प्रदीप शर्मा, पार्षद सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। भाजपा पदाधिकारियों ने जिले के नागरिकों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

> इस अवसर पर अडानी समूह के मैनेजिंग डायरेक्टर करण अडानी एवं डायरेक्टर जीत अडानी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह परियोजना केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के विशेष प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है।

# कैश जमा करने वाली कंपनी के कर्मचारियों ने 40 लाख उड़ाए

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में एटीएम में नकदी जमा करने वाली कंपनी के दो कर्मचारियों ने भरोसे का फायदा उठाकर करीब 40 लाख रुपए का गबन कर लिया.**

दोनों आरोपी पिछले छह महीने से एटीएम में जमा होने वाली रकम में से धीरे धीरे नकदी निकालते रहे और पूरी रकम ऑनलाइन गेमिंग व आईपीएल सट्टे में हार गए. मामले का खुलासा होने पर लसूडिया पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों के कब्जे से अब तक केवल दो लाख रुपए ही बरामद हो सके हैं. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभिषेक और दीपक के रूप में हुई है. दोनों एक निजी कंपनी में कार्यरत थे, जो शहर के एटीएम में नकदी जमा करने का काम करती है. जांच में सामने आया कि दोनों पिछले करीब छह माह से कभी एक लाख तो कभी डेढ़ लाख रुपए निकालकर गबन करते रहे. रकम कम निकालने के कारण लंबे समय तक किसी को इसकी भनक नहीं लगी. कंपनी के आंतरिक मिलान के दौरान कैश में गड़बड़ी सामने आई, जिसके बाद मामला लसूडिया थाने पहुंचा. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की और साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि गबन की पूरी रकम ऑनलाइन गेमिंग और आईपीएल सट्टे में लगा दी, जहां वे पैसा हार गए. पुलिस ने उनके पास से दो लाख रुपए बरामद किए हैं. अब यह पता लगाया जा रहा है कि उन्होंने किन किन ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से रकम लगाई.

# 4 .64 करोड़ के घोटाले पर ईडी ने की कार्रवाई, कोर्ट ने दिए नोटिस

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर की एक नवभारत गृह निर्माण संस्था में 4.64 करोड़ रुपए के कथित वित्तीय घोटाले और जमीन से जुड़े अनियमितताओं के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच पूर्व पदाधिकारियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम ( पीएमएलए ) के तहत विशेष न्यायालय में चालान पेश किया है.**

अदालत ने चालान पर संज्ञान लेते हुए सभी आरोपियों को नोटिस जारी कर सुनवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है. मामला एमजी रोड थाने में दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें संस्था के तत्कालीन पदाधिकारियों पर वित्तीय अनियमितता, धोखाधड़ी और संस्था की संपत्तियों के दुरुपयोग के आरोप लगाए गए थे. इसी प्रकरण के आधार पर ईडी ने धनशोधन के पहलुओं की जांच शुरू की थी. जांच एजेंसी के अनुसार संस्था के तत्कालीन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और निदेशक मंडल के कुछ सदस्यों ने सुनियोजित तरीके से संस्था के फंड से खरीदी गई जमीनों को विभिन्न पक्षों को बेच दिया. आरोप है कि बिक्री से प्राप्त राशि का पूरा हिसाब संस्था के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किया गया और फंड में गबन किया. जांच में यह भी सामने आया कि संस्था के सदस्यों को वास्तविक स्थिति से अनभिज्ञ रखा गया तथा जमीन बिक्री से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज नष्ट कर दिए गए. ताकि वित्तीय लेन देन का खुलासा न हो सके. ईडी का दावा है कि घोटाले से अर्जित राशि को विभिन्न माध्यमों से खपाकर उससे अचल संपत्तियां खरीदी गईं. रकम को वैध दिखाने के लिए कई वित्तीय लेन देन भी किए.


> ईडी ने इस मामले में श्रीकांत घंटे, सुभाष चंद्र दुबे, राकेश जैन, अंतिम जोशी और आनंद शाह के खिलाफ चालान पेश किया है. इससे पहले एजेंसी पीएमएलए के तहत करीब 64 लाख रुपए मूल्य की अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क भी कर चुकी है. ईडी के अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच अभी जारी है और आगे भी कार्रवाई की संभावना है.

# दो शावकों के जन्म से टाइगर रिजर्व हुआ गुलजार



**पन्ना, 4 जुलाई.** पन्ना टाइगर रिजर्व से वन्यजीव प्रेमियों के लिए खुशखबरी सामने आई है. धुंधुआ सेहा क्षेत्र में बाघिन पी-652 ने दो शावकों को जन्म दिया है. पन्ना टाइगर रिजर्व के उप संचालक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि दोनों शावकों की उम्र लगभग 10 दिन है और मां व शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं. वन विभाग की विशेष टीम हाथियों और आधुनिक तकनीकों की मदद से 24 घंटे उनकी निगरानी कर रही है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो. धुंधुआ सेहा क्षेत्र का वन्यजीव संरक्षण के इतिहास में विशेष महत्व है.

### 17 माह के शावक की मौत



**पन्ना.** पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघों के बीच क्षेत्रीय वर्चस्व की लड़ाई ने एक बार फिर वन्यजीवन की कठोर सच्चाई सामने ला दी. मंगलवार को मड़ला वन परिक्षेत्र के कंचन नाला क्षेत्र में बाघ पी-661 ने बाघिन पी-151 के लगभग 17 माह की मादा शावक पर हमला कर उसे मार डाला. जानकारी के अनुसार, बाघ पी-661 मंगलवार सुबह से ही कंचन नाला क्षेत्र में सक्रिय था और बाघिन पी-151 तथा उसके शावकों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए था. खतरे को भांपते हुए बाघिन ने अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए कई बार बाघ का सामना किया और उसे कुछ समय के लिए पीछे हटने पर मजबूर भी कर दिया. घात लगाए बैठे बाघ पी-661 ने अचानक हमला कर दिया.

# बारिश से जिला तरबतर, नदी नाले उफान पर

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा, 4 जुलाई. जिले में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक हुई झमाझम बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया. पिछले 24 घंटों में करीब दो इंच वर्षा दर्ज की गई, जिससे इस मानसून सीजन में कुल वर्षा का आंकड़ा चार इंच से अधिक पहुंच गया है.**

लगातार बारिश से शहर के नाले उफान पर हैं, जबकि इंदिरा सागर बांध के निकट किल्लौद क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं. किल्लौद ब्लॉक के कई गांवों में नदी-नाले उफान पर आने से पुल और पुलियाएं डूब गईं. इससे ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क प्रभावित हुआ है. खिरकिया और हरसूद मार्ग पर भी आवागमन बाधित होने की सूचना है. प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है.शहरी क्षेत्र में भी कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई. तुलसी स्टेट सहित कई कॉलोनियों में बारिश का पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा.मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून मध्यप्रदेश में पूरी तरह सक्रिय हो गया है. छत्तीसगढ़ की ओर से लगातार नमी वाले बादल आने के कारण अगले दो दिनों तक जिले में अच्छी बारिश की संभावना है. इसके बाद वर्षा की गतिविधियों में कुछ कमी आ सकती है.

### 35 साल पुरानी जर्जर दुकानों पर चला बुलडोजर

**रतलाम.** मौमिनपुरा क्षेत्र में नगर निगम ने शनिवार को 35 वर्ष पुरानी जर्जर दुकानों पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाने और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की. राजीव गांधी स्वावलंबन योजना के तहत बनी 36 दुकानों को जर्जर घोषित किए जाने के बाद निगम के राजस्व अमले ने कार्रवाई की. ध्वस्तीकरण के दौरान बड़ी संख्या में लोग मलबे से सरिया और अन्य कबाड़ बटोरने पहुंच गए.

**उपचुनाव** ▶ दतिया में कांग्रेस ने कमर कसी, दिग्विजय भी शामिल हुए सम्मेलन में

# पटवारी ने भाजपा और नरोत्तम पर साधा निशाना

**नवभारत न्यूज**

**दतिया 4 जुलाई।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नरोत्तम मिश्रा को अहंकारी बताते हुए कहा है कि दतिया की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। उन्होंने दतिया की जनता का आह्वान किया कि प्रत्याशी कोई हो, वोट हाथ के पंजे पर करें।

दतिया विधानसभा उपचुनाव को लेकर शनिवार को कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह निर्धारित समय से करीब चार घंटे देरी से दतिया के मोटल होटल पहुंचे।

इन नेताओं के पहुंचते ही कार्यक्रम स्थल पर कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी और माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंग गया। मंच पर आते ही जीतू पटवारी ने भाजपा और पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा पर निशाना साधा। उन्होंने नरोत्तम मिश्रा को अहंकारी भैया' कहकर संबोधित किया और कहा कि दतिया की जनता उनके किए गए पापों को कभी माफ नहीं करेगी। पटवारी ने उनके एकल भोजन को लेकर भी तंज कसा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हुए अत्याचारों का जिक्र किया।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने मंच से कार्यकर्ताओं को एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि इस बार प्रत्याशी चाहे कोई भी हो, वोट सिर्फ हाथ के पंजे पर पड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा लोकतंत्र की हत्या की है और इस बार दतिया की जनता को अहंकार को हराना है। पटवारी ने कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन 12 जुलाई को भरने की घोषणा कर दी। उन्हें याद दिलाया गया कि उस दिन रविवार है। इसके बाद उन्होंने कहा कि नामांकन शनिवार या सोमवार को दाखिल किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पटवारी ने कार्यकर्ताओं की उत्सुकता बढ़ाते हुए कहा, 'प्रत्याशी घोषित कर दूं क्या?' इस पर कार्यकर्ताओं ने एक सुर में कहा, 'ऐलान कर दो।' कुछ पल रुकने के बाद पटवारी ने जवाब दिया, 'मेरा प्रत्याशी हाथ का पंजा है।' इस बयान के बाद भी उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की गई, जिससे कार्यकर्ताओं और नेताओं में असमंजस की स्थिति बनी रही ।जब दिग्विजय का भाषण बीच में रुका पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जब अपना संबोधन दे रहे थे, लेकिन बीच में उन्हें भाषण रोकना पड़ा।इसी बीच जीतू पटवारी एक मोबाइल फोन लेकर मंच पर पहुंचे, जिस पर दतिया के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती बात कर रहे थे। मोबाइल का स्पीकर ऑन कर उसे माइक के पास रखा गया, ताकि कार्यकर्ता भी बातचीत सुन सकें। राजेंद्र भारती ने बताया कि दिल्ली में उनका हर्निया का ऑपरेशन हुआ है, जिसकी वजह से वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।

# दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 4 जुलाई. थाना रामपुर नैकिन पुलिस की प्रभावी कार्रवाई में अपहृत नाबालिग को दस्तयाब कर दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया.**

पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल के मार्गदर्शन, थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में रामपुर नैकिन पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया. विवेचना एवं सतत पतासाजी के दौरान दिनांक 02 जुलाई 2026 को पुलिस टीम ने नाबालिग बालिका को ग्राम सोनतीर करौदहा, थाना कमर्जी से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया . बालिका के कथनों एवं विवेचना के आधार पर प्रकरण में धारा 64(2)(एम), 96 बीएनएस तथा धारा 5(एल)/6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया. आरोपी को दिनांक 03 जुलाई 2026 को गिरफ्तार किया गया. वैधानिक कार्रवाई उपरांत दिनांक 04 जुलाई 2026 को आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया.



इस कार्रवाई में निरीक्षक सुधांशु तिवारी, उनि मोतीलाल रावत, सउनि अजीत कुमार पाण्डेय एवं आरक्षक महेन्द्र तिवारी की सराहनीय भूमिका रही.